ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ (೨೦೦೫-೦೬ ಮತ್ತು ೨೦೦೬-೦೭ ಶೈಕ್ಷಣಿಕ ವರ್ಷದಲ್ಲಿ ಅಭ್ಯಾಸ ಮಾಡಿದ ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳಿಗೆ)
**New Scheme** ( For Students studied during the Years 2005-06 & 2006-07 )

**Code No. 03-NS**

Total No. of Questions : 48 ] [ Total No. of Printed Pages : 7

**July, 2007**

# HINDI

**( New Syllabus )**

Time : 3 Hours ] [ Max. Marks : 90

**सूचना :** i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना अनिवार्य है ।

ii) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना आवश्यक है ।

I. अ) नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **एक** शब्द या वाक्यांश या **एक** वाक्य में लिखिए : $6 \times 1 = 6$

1) कहार ने ककड़ियों को कितने रुपये में खरीदा ?

2) सफेद बाल आते ही आदमी क्या करने लगता है ?

3) लेखक किस नदी की बाढ़ में फँस गये थे ?

4) औसतन 'उद्‌भवन काल' कितने वर्ष का माना जाता है ?

5) बसवेश्वर की बहिन का नाम क्या था ?

6) आत्माएँ कहाँ से आ रही थीं ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $3 \times 3 = 9$

7) लेखक ने फैशन में रंगी नवयुवतियों का वर्णन किस प्रकार किया है ?

8) लेखक ने आईने के बारे में क्या कहा है ?

9) एड्स रोग के हल्के किस्म के लक्षणों के बारे में संक्षेप में विवरण दीजिए ।

10) लेखक ने वापस सोनारी के डाकबंगले पर पहुँचने पर क्या-क्या पाया ?

11) बसवेश्वर के बाल्य चरित्र के बारे में लिखिए ।

II. अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहा ? 4 × 1 = 4

12) 'तुमने बाजार में मेरी प्रतिष्ठा बचा ली ।'

13) 'ये लोग यहाँ कैसे आ गए , जी ?'

14) 'देखते नहीं, यह रेशम का कढ़ा हुआ सालू' ।

15) 'गाली क्यों देगा, क्या उसका राज है ?'

आ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : 2 × 3 = 6

16) "इसके जीवन में कहाँ गाँठ पड़ी है, यही सोच रहा हूँ ।"

17) "ऐसे ही इन दोनों को बचाना, यही मेरी भिक्षा है ।"

18) "मैं मरते-मरते बचा, तुझे अपनी खेत की पड़ी है ।"

19) "युवावस्था में किसी को विधवा बनाना युग धर्म नहीं है ।"

III. अ) निम्न प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में लिखिए : 6 × 1 = 6

20) किसे पकड़कर मुर्गा खा रहा था ?

21) तुलसीदास किसे माँ कहकर पुकारते हैं ?

22) किसका स्वर आकाश में फैल गया ?

23) कवि क्या बनकर आया है ?

24) कवि ने किसकी महानता का वर्णन किया है ?

25) घर की लक्ष्मी रोती है, तो गरीब क्या करता है ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2 × 3 = 6

26) हरि स्मरण के बारे में कबीर ने क्या कहा है ?

27) यशोदा श्रीकृष्ण को सुलाने के लिए क्या-क्या कर रही थी ?

28) राधा पवन को कृष्ण के गृह में किस तरह प्रवेश करने के लिए कहती है ?

29) यशोदा अपनी मनोव्यथा किस प्रकार व्यक्त करती है ?

इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : 2 × 4 = 8

30) जयति संजीवनी समय संकट हनुमान

धनुवान महिमा बखानी ।

बाहुबल-विपुल, परमित पराक्रम अतुल,

गूढ़ गति जानकी-जाति जानी ॥

अथवा

हेरी म्हाँ दरदे दिवाणी म्हारा दरद न जाण्या कोय ॥

घायल री गत घाइल जाण्या हिवड़ो अगण संजोग ।

जौहर की गत जौहरी जाणै, क्या जाण्या जिण खोय ।

दरद की मार्‌या दर दर डोल्या बैद्य मिल्या नहि कोय ।

मीरा री प्रभु पीर मिटाँगा जब बैद सांवरो होय ॥

31) सीमा ही लघुता का बंधन

है अनादि तू मत घड़ियाँ गिन

मैं दृग के अक्षय कोषों से -

तुझमें भरता हूँ आँसू-जल ।

सजल-सजल मेरे दीपक जल ।

अथवा

जी माल देखिए दाम बताऊँगा;

बेकाम नहीं है, काम बताऊँगा;

कुछ भी लिखे हैं मस्ती में मैंने;

कुछ गीत लिखे हैं पस्ती में मैंने;

यह गीत सख्त सरदर्द भुलाएगा ।

IV. अ) निम्न प्रश्नों के एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में उत्तर लिखिए : 5 × 1 = 5

32) बनारस जेल में गोपीचंद की भेंट किससे हुई ?

33) गोपीचंद को कितने साल की सजा हुई ?

34) जवार गाँव के नामी पहलवान का नाम क्या था ?

35) गोपीचंद के घर में काम करने वाले हलवाहे का नाम क्या था ?

36) मानिकचंद किस कार्य के लिए सामान लेने कस्बे गया था ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए : 2 × 5 = 10

37) गोपीचंद ने अपने भाई की हत्या का बदला कैसे लिया ?

38) पुलिस ने मटरू को किस प्रकार सजा दिलवाई ?

39) विधवा विवाह की बात सुनकर माँ ने बड़ी बहू से क्या कहा ?

40) किसानों के स्वभाव का परिचय दीजिए ।

V. अ) 41) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 4 × 1 = 4

क) फल और दूध का वर्षा कर देता है ।

ख) वह दिन भर की कमाई खोई ।

ग) यात्रा करने का कई तरीके हैं ।

घ) इज्जत की सवाल था ।

आ) 42) कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थानों को भरिए : 4 × 1 = 4

( की, में, पर, का )

i) सिर ................ सफेद कफन बुना जा रहा है ।

ii) आईने ................ क्या दोष ?

iii) बाल ................ जड़ बहुत गहरी नहीं होती ।

iv) हम नींव .................... धँस रहे हैं ।

इ) 43) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : 4 × 1 = 4

i) लड़की गीत गाती है । ( वाच्य बदलिए )

ii) मैं नहीं चलता । ( वाच्य बदलिए )

iii) रमेश अपना जन्मदिन मनाता है । ( भविष्यत् काल में बदलिए )

iv) मैं पेड़ कटवा रहा हूँ । ( भूतकाल में बदलिए )

ई) 44) निम्नलिखित मुहावरों को उनके अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : 4 × 1 = 4

| | |
|---|---|
| i) पहाड़ टूटना | a) गुस्सा आना |
| ii) दाँतों तले उंगली दबाना | b) हार मानना |
| iii) आँखें दिखाना | c) आश्चर्य चकित होना |
| iv) घूटने टेकना | d) गहरी आफत आना । |

उ) 45) निम्न के अन्य लिंग रूप लिखिए : 2 × 1 = 2

आदमी, बहन ।

ऊ) 46) निम्न के अन्य वचन रूप लिखिए : 2 × 1 = 2

गाड़ी, घोड़ा ।

VI. 47) निम्नलिखित अनुच्छेद का सार लिखकर उचित शीर्षक दीजिए : 5

मनुष्य तभी तक मनुष्य है, जब तक वह प्रकृति से ऊपर ऊठने के लिए संघर्ष करता है । यह प्रकृति दो प्रकार की है — आंतरिक और बाह्य । प्रकृति को अपने वश में कर लेना बड़ी अच्छी और बड़े गौरव की बात है । ग्रहों और तारों का नियमन करनेवाले नियमों का ज्ञान प्राप्त कर लेना गौरवपूर्ण है, पर मानव जाति की वासनाओं, भावनाओं और इच्छा का नियमन करनेवाले नियमों को जान लेना उससे उन्नत गुणा अधिक गौरव पूर्ण है ।

**अथवा**

किसी शैक्षणिक यात्रा का वर्णन करते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए ।

48) निम्न के हिंदी में अनुवाद कीजिए : 5 × 1 = 5

a) The Indian tradition is very ancient.

ಭಾರತದ ಪರಂಪರೆ ತುಂಬಾ ಹಳೆಯದು.

b) Many people have invaded India.

ಅನೇಕ ಜನರು ಭಾರತದ ಮೇಲೆ ದಾಳಿ ಮಾಡಿದ್ದಾರೆ.

c) Even then its culture exists intact.

ಆದರೂ ಅದರ ಸಂಸ್ಕೃತಿ ಸ್ಥಿರವಾಗಿ ಉಳಿದಿದೆ.

d) The characteristic of this culture is peaceful co-existence.

ಶಾಂತಿಯಿಂದ ಕೂಡಿ ಬಾಳುವುದೇ ಈ ಸಂಸ್ಕೃತಿಯ ಲಕ್ಷಣ.

e) With this characteristic only, India is Guide-light to the world.

ಈ ಗುಣದಿಂದಲೇ ಭಾರತವು ಜಗತ್ತಿಗೆ ದಾರಿದೀಪವಾಗಿದೆ.